सुविचार

अपने लक्ष्य के लिए जोशीले और जुनूनी बनिए..विश्वास रखिए, परिश्रम का फल सफलता ही है

# तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल भोपाल
का मासिक ई - न्यूजलेटर

tarangnews2024@gmail.com माह- जून 2026 अंक - 36 वां




## प्रमुख आकर्षण

- प्रज्ञा प्रवाह द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। |
- कुपोषण नियंत्रण एवं रोजगार संवर्धन हेतु महाविद्यालय और IAPEN के बीच एमओयू। |
- राजनीति विज्ञान विभाग की शोधार्थी सुश्री ज्योति ने अपने पीएच.डी. शोधकार्य का पूर्व प्रस्तुतीकरण सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया। |
- NCC केडेट्स का प्रशिक्षण में हुआ चयन |

## विशेष पुस्तक विमोचन समारोह में महाविद्यालय की सहभागिता






दिनांक - 05 मई 2026 को भोपाल के प्रतिष्ठित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में प्रज्ञा प्रवाह संस्था द्वारा एक विशेष पुस्तक विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहे। इस गरिमामय अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराकर सहभागिता की।

## शोध प्रबंध का पूर्व प्रस्तुतीकरण की प्रस्तुति





दिनांक - 05 मई 2026 को राजनीति विज्ञान विभाग की शोधार्थी सुश्री ज्योति द्वारा अपने पीएच.डी. शोधकार्य का पूर्व प्रस्तुतीकरण सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुतीकरण के दौरान शोध के उद्देश्य, शोध पद्धति, प्रमुख निष्कर्षों एवं शोध के महत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। विभाग के प्राध्यापकों एवं शोधार्थियों ने शोधकार्य पर अपने महत्त्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए। यह प्रस्तुति शोधकार्य को अंतिम रूप देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि रही।

## श्रम साथी कार्यशाला में महाविद्यालय की सहभागिता





उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के परिपालन में दिनांक 22 मई 2026 को मंत्रालय, वल्लभ भवन, VB-III, हॉल F-326 में प्रातः 10:30 बजे आयोजित "श्रम साथी कार्यशाला" में महाविद्यालय की प्रो. शालिनी तिवारी तथा छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की।कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्रम, रोजगार, कौशल विकास एवं श्रमिक कल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा श्रम क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए उपयोगी बताया। महाविद्यालय की यह सहभागिता विद्यार्थियों के कौशल संवर्धन एवं रोजगारोन्मुखी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

# कुपोषण के खिलाफ भेल कॉलेज की बड़ी मुहिम



दिनांक - 05 मई 2026 को महाविद्यालय के क्लिनिकल न्यूट्रिशन विभाग और देश की प्रतिष्ठित गैर-लाभकारी संस्था इंडियन एसोसिएशन फॉर पैरेंट्रल एंड एंटरल न्यूट्रिशन (IAPEN) के बीच एक ऐतिहासिक समझौता (MoU) हुआ है।

इस साझेदारी के तहत न केवल समाज में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे, बल्कि महाविद्यालय के छात्रों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण देकर उनके लिए रोजगार और अनुसंधान (Research) की राह भी आसान की जाएगी। मध्यप्रदेश में कुपोषण को नियंत्रित करने और बेहतर स्वास्थ्य के लिए रोजगार बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करने का संकल्प लिया गया है। यह संकल्प बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल एवं इंडियन एसोसिएशन फॉर पैरेंट्रल एंड एंटरल न्यूट्रिशन के बीच हाल ही में संपन्न एमओयू में लिया गया। महाविद्यालय की क्लिनिकल न्यूट्रिशन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मीता बादल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आईएपेन देश की जानी-मानी गैर लाभकारी संस्था है। यह संस्था देश भर में कुपोषण समाप्त करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए काम करती है। इसमें सरकारी और गैर सरकारी शिक्षा संस्थानों का भी सहयोग रहता है।

इसी कड़ी में बाबूलाल गौर महाविद्यालय के छात्रों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। आईएपेन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव शंकर ने इस अवसर पर आयोजित समारोह में अपने पूरे सहयोग का वादा किया। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने कहा कि कुपोषण को समाप्त करने की दिशा में दो शिक्षण संस्थानों के बीच यह साझेदारी महत्वपूर्ण होगी। इससे पोषण संबंधी शोध को भी बढ़ावा मिलेगा। स्वस्थ एवं सक्षम युवा समाज के निर्माण में पोषण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस एमओयू का उद्देश्य उत्कृष्ट अनुसंधान, प्रशिक्षण, शोध तथा व्यावसायिक विकास को प्रोत्साहित करना है।

इससे रोजगार की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। आईएपेन की मध्यप्रदेश चैप्टर की अध्यक्ष पोषण विशेषज्ञ डॉ. रेनू भारद्वाज तथा आईएपेन की महासचिव श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, श्रीमती दीप्ति श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष उषा इन्सत, कार्यकारी सदस्य, तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय जैन और क्लिनिकल न्यूट्रिशन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मीता बादल उपस्थित थे।

# कार्यक्रम की विवरणिकाएँ









## स्टूडेंट कॉर्नर

### लक्ष्य तू ऐसा बनाना

आशाओं का उजाला ,
उन्नति करके ही आना ।
सपनों की उड़ानों को आसानी से नहीं हारना ,
लक्ष्य तू ऐसा बनाना ।

मन में संकल्प तो करके दिखाना
बातों की बोल न चलना ।
बस बढ़ते ही जाना ,
लक्ष्य तू ऐसा बनाना ।

निर्णायक बन के स्वाभिमान को दर्शन
आत्मविश्वाश की शक्ति को पाना ।
पहचान खुद अलग बनाना ,
लक्ष्य तू ऐसा बनाना ।

मनुष्य को मानव समझना
देश को ऊचाइयों पर लें जाना
योग ध्यान प्रेम को अपनाना ,
आलस बीमारी घृणा को दूर कर ।
लक्ष्य तू ऐसा बनाना ।

आत्म शक्ति को जगाना ,
संयम धैर्य बुद्धि से समस्या सुलझाना
अज्ञानता को मिटाना ,
सच्चाई को जग में लाना बस लक्ष्य को पाना ।

**अपना लक्ष्य तू ऐसा बनाना............**

रुकमणी रैकवार
बी.ए. तृतीय वर्ष

### प्रतिक्रियाएँ ई-मेल द्वारा प्राप्त

तरंग का मई अंक देखकर प्रसन्नता हुई । मेरा नाम तरंग स्टार में शामिल किया गया । मैं बहुत आभारी हूँ ।

देविका साहू
बी.ए. प्रथम वर्ष

मई का न्यूजलेटर तरंग पढ़ा । हम प्रथम वर्ष की विद्यार्थियों को यदि परीक्षा संबंधी जानकारी दी जाती , तो उपयोगी रहती ।

अंसार
बी.ए प्रथम वर्ष

## तरंग स्टार

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल के छात्र सुमित नाथ का 7 गढ़वाल राइफल्स, भोपाल में आयोजित आर्मी अटैचमेंट कैंप हेतु 03 मई 2026 से 14 मई 2026 तक चयन होने पर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। यह उपलब्धि महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। हमें विश्वास है कि सुमित नाथ इस प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन, नेतृत्व, साहस एवं राष्ट्रसेवा की भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे। हम उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल प्रशिक्षण हेतु मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हैं।



**महाविद्यालय परिवार की ओर से बधाई!**



# आगामी कार्यक्रम

- 2 जून - श्रद्धेय बाबूलाल गौर जी का जन्मदिवस समारोह
- 5 जून - विश्व पर्यावरण दिवस
- 21 जून - अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
- प्रायोगिक परीक्षाएं

# संपादक की पाती

माह जून 2026 का ‘ तरंग ’ अंक आपके हाथों में है। यह अंक आपको कैसा लगा, हमें अवश्य बताएँ । आपकी टिप्पणी / सुझावों की हमें प्रतीक्षा रहेगी । विद्यार्थी अपनी रचनाएँ, सुझाव, प्रतिक्रिया और उपलब्धि ‘स्टूडेंट कॉर्नर’ के लिये tarangnews2024@gmail.com पर मेल कर सकते हैं।

सौजन्य ई-न्यूजलेटर समितिः- डॉ. सुषमा जादौन ( संयोजक )
डॉ. वर्षा चौहान , डॉ. दीक्षा बरडे
निशांत उपाध्याय ( कम्प्यूटर वर्क )